**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 01.05.2025 | समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्र ने घोषणा की– जाति गणना अगली जनगणना का हिस्सा होगी।

2. आज महाराष्ट्र और गुजरात राज्य अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं।

3. मुख्य सचिव ने चुन्ना भट्टा और नॉर्थ बे में नव निर्मित ग्रामीण सड़क का कल उद्घाटन किया।

4. भारतीय खेल प्राधिकरण की एथलीट अमृता मिंज ने आठवीं इंडोर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

<><><><><><><>

सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति ने यह फैसला किया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में कहा कि जनगणना केंद्र का विषय है। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे समाज का सामाजिक और आर्थिक ढांचा मजबूत होगा और राष्ट्र निरंतर प्रगति करेगा। उन्होंने कहा कि इससे यह पता चलता है कि सरकार समाज और देश के मूल्यों तथा हितों के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रिमंडल ने गन्ना पेराई मौसम दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए तीन सौ पचपन रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी।

<><><><><><><>

आज महाराष्ट्र और गुजरात राज्य अपना स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने इन राज्य के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि एक मई उन्नीस सौ साठ को इनके गठन की पैंसठवीं वर्षगांठ के अवसर पर, हम आज प्रगति और सांस्कृतिक समृद्धि की प्रेरक यात्रा का जश्न मना रहे हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता में निहित अपनी गौरवशाली विरासत के साथ, महाराष्ट्र आज औद्योगिक शक्ति, कलात्मक प्रतिभा और प्रगतिशील विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुंबई की गतिशील ऊर्जा से लेकर विदर्भ की सांस्कृतिक गहराई तक, मराठवाड़ा के उपजाऊ विस्तार से लेकर कोंकण तट की प्राकृतिक सुंदरता तक – महाराष्ट्र विविधता में एकता का उदाहरण है। उप राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे दूरदर्शी लोगों की जन्मभूमि गुजरात विकास और उद्यमिता के एक मॉडल के रूप में उभरा है। इसके जीवंत उद्योग, संपन्न बंदरगाह और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत नवाचार और दृढ़ संकल्प की भावना को दर्शाती है जो इसके लोगों को परिभाषित करती है।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में ज़िला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। श्रीभाष दास को मध्योत्तर अंडमान ज़िला परिषद का अध्यक्ष और आर. माधवन को उपाध्यक्ष चुना गया। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य और पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने चुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समुद्री मत्स्य पालन नियम के अनुसार द्वीपसमूह में बंद मौसम घोषित किया गया। इस दौरान समुद्री शंखों और मोलस्क के संग्रहण पर पूरी तरह रोक रहेगी। ये प्रतिबंध आज से तीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा। ये प्रतिबंध समुद्री जैव–विविधता के संरक्षण और टिकाऊ मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाया गया है। मध्योत्तर अंडमान के ऐसे सभी संबंधित मछुआरों से घोषित सत्र के दौरान समुद्री शंख निकालने की मनाही की गई है।

<><><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने चुन्ना भट्टा और नॉर्थ बे में पर्यटन स्थल को जोड़ने वाली नव निर्मित पांच दशमलव पांच किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क का कल उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना से नॉर्थ बे तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए इस खूबसूरत स्थान पर जाना अधिक सुविधाजनक हो जाएगा। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क परियोजना को समय पर पूरा करने के प्रयासों की सराहना की, जो निस्संदेह क्षेत्र के बढ़ते पर्यटन क्षेत्र में योगदान देगा और स्थानीय समुदायों के लिए परिवहन में सुधार करेगा। मुख्य सचिव ने पंचायती राज संस्थान के सदस्यों से सड़क के रखरखाव, को सुनिश्चित करने और उचित उपयोग को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। उन्होंने पर्यटक स्थल पर व्यवस्थित पार्किंग के महत्व पर भी जोर दिया ताकि भीड़भाड़ को रोका जा सके।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान की रहने वाली और भारतीय खेल प्राधिकरण की पूर्व एथलीट अमृता मिंज ने आठवीं इंडोर राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यह चैंपियनशिप छब्बीस से उनतीस अप्रैल तक केरल के अलाप्पुझा में आयोजित की गई थी। वर्तमान में भारतीय खेल प्राधिकरण के अल्लेप्पी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं अमृता मिंज का प्रदर्शन उनके समर्पण और दोनों केंद्रों पर प्राप्त गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को दर्शाता है। उनकी यह उपलब्धि द्वीपसमूह के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

<><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन कल सुबह छह बजे से द्वीपसमूह की रोइंग टीम के चयन के लिए सीपीघाट के साई वाटर स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। चयनित खिलाड़ी सत्ताइस मई से ग्यारह जून तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली आगामी छब्बीसवीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप भाग लेगी। इच्छुक खिलाड़ियों से अपना नाम पंजीकरण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ हिस्सों में नेटवर्क की समस्या के कारण छब्बीस अप्रैल से राशन वितरण बाधित हुआ है। नागरिक आपूर्ति विभाग ने अप्रैल महीने के सार्वजनिक वितरण प्रणाली चक्र को पांच मई तक बढ़ा दिया है ताकि सभी लाभार्थियों को उनका राशन मिल सके। जो लाभार्थी उपरोक्त अवधि के दौरान अपना राशन नहीं ले सके, वे अब पांच मई तक अपना राशन ले सकते हैं।

<><><><><><><><>

भारतीय मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य इकाई के सचिव डी. अयप्पन ने मजदूर दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह के मजदूर वर्ग को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत आई सी डी एस परियोजना (ग्रामीण) के तहत डिगलीपुर स्थित मधुपुर के यूथ क्लब में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बुजुर्ग व्यक्तियों और महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी देना था। बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए हेल्पलाइन नंबर – 14567, और महिलाओं के लिए – 181, इसके अतिरिक्त पुलिस के लिए (100), एम्बुलेंस के लिए (102) जैसे अन्य हेल्पलाइन नंबरों पर भी चर्चा की गई। ये सेवाएं बुजुर्ग लोगों और महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान करने, सुरक्षा सुनिश्चित करने और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

<><><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना में जातिवाद गणना की मंजूरी दी– **द्वीप समाचार** और **डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। साथ ही अखबार ने महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस के अवसर पर उप राज्यपाल के संदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। मुख्य सचिव द्वारा चूना भट्टा से नार्थ बे तक जाने वाली ग्रामीण सड़क के उदघाटन के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** अपने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कैम्पस में एमबीबीएस छात्रों के लिए ऑन कैम्पस भर्ती के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन के समाचार को **इंफो इंडिया** ने अपने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। साथ ही एनसीसी कैडेटों के योग को बढावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी अखबार में जगह मिली है।

**<><><><><><><><>**